## एक नजर में

### सदस्यों को सेवा के लिए किया प्रेरित



**इंदौर .** लीनेस क्लब इंदौर विजेता द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस पुष्पा वरुण की आधिकारिक यात्रा का गरिमामय आयोजन किया गया . कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब संस्थापिका लीनेस रचना गुप्ता ने बताया अतिथियों के आगमन पर अध्यक्ष ममता नीमा, लताशा त्रिवेदी, हंसा पिपाडा, रीना गुप्ता द्वारा अतिथियों का स्वागत अनोखे अंदाज़ में किया गया . अध्यक्ष लीनेस ममता नीमा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए क्लब की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला . लीनेस दीप्ति बख्शी द्वारा सेवागतिविधि रिपोर्ट तथा कोषाध्यक्ष लीनेस हंसा पीपाड़ा द्वारा वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई . मल्टीपल वाइस प्रेसिडेंट एवं क्लब संस्थापिका रचना गुप्ता ने संगठन की सेवा भावना, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को निरंतर सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया . कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए जरूरतमंद बच्चों के लिए 200 कॉपियाँ एवं स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई . अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने लीनेस संगठन की सेवा परंपरा, संगठनात्मक विकास एवं महिला नेतृत्व की भूमिका पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया . इस अवसर पर पानी बचाओ卐 विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता, विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, लकी ड्रॉ तथा पुरस्कार वितरण ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया .इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सचिव कविता चौहान, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष आभा शर्मा, निकिता नहाटा, मंजू गर्ग, सुनीता बडजात्या विशेष रूप से उपस्थिति थी ,कार्यक्रम का संचालन कांता शर्मा ने किया .

### शहर में वीजी ब्यूटी पेजेंट चैप्टर का शुभारंभ



**इंदौर .** महिलाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीजी पेजेंट्स इंदौर चेप्टर का औपचारिक शुभारंभ हुआ . इस चैप्टर के शुरू होने के बाद इंदौर की राष्ट्रीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिताओं में सहभागिता बढ़ जाएगी . इस अवसर पर विज़नारा ग्लोबल की संस्थापक एवं राष्ट्रीय निदेशक बिनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इंदौर चैप्टर द्वारा अक्टूबर माह में इंदौर में मिस इंदौर, सुश्री इंदौर तथा मिसेज़ इंदौर सिटी पेजेंट्स का आयोजन किया जाएगा . इसके साथ ही फैशन शो, व्यक्तित्व निखार प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा व्यावसायिक पोर्टफोलियो निर्माण के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे . शहर स्तर पर चयनित विजेताओं को देश की प्रतिष्ठित वीजी मिस एंड मिसेज़ इंडिया राष्ट्रीय पेजेंट प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे इंदौर की प्रतिभाएँ राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकेंगी . उन्होंने बताया कि वीजी पेजेंट्स का उद्देश्य केवल सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वासी, सक्षम और नेतृत्व के लिए तैयार करना है . इंदौर चैप्टर का नेतृत्व कर रहीं दीप कुंवर राठौर ने अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्रा साझा करते हुए बताया किवीजी मिसेज़ इंडिया ग्लोबल फ़ीनिक्स 2025 में द्वितीय उपविजेता बनने के बाद उनका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत हुआ तथा यह विश्वास भी कि प्रत्येक महिला के भीतर आगे बढ़ने और जीवन को नई दिशा देने की क्षमता होती है . दीप ने कहा कि अब उनका उद्देश्य इंदौर की महिलाओं को आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और नई पहचान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है .


### 11 मातृ शक्तियों को मिलेगा देवी अहिल्या अलंकरण




**इंदौरा .** श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 11 मातृ शक्तियों को प्रतिष्ठित देवी अहिल्या अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा . यह समारोह 20 जून को सुबह 10 बजे रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित किया जाएगा . जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल होंगे वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश शमीम कुरैशी साहब करेंगे . ट्रस्ट के पदाधिकारिय पटेल, परमालीया ने बताया कि इंदौर-मालवा की माटी में मां देवी अहिल्याबाई होलकर का नाम पूरे देश और विदेश में प्रसिद्ध रहा है . उनके लोकमाता और न्यायप्रिय स्वरूप को नमन करते हुए श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट प्रतिवर्ष समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को यह सम्मान देता आ रहा है . इस वर्ष भी कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद इंदौर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत 11 कर्मठ मातृ शक्तियों का चयन किया गया है, जिन्हें डॉ . दीपा सोमानी, सरोज चंदेल, अर्चना जीनवाल, नर्मता सावंत डॉ . प्रविशी पिंग्ले, मधुबाला चंदन, सना खान, किरण जैन, प्रिती जैन, रूपल ठक्कर, सोम्या जैन को आगामी सम्मान समारोह में सम्मानित कर उनके हौसले को सराहा जाएगा .

# मुख्यमंत्री ने देखी वीर गढ़ी हनुमान मंदिर की बावड़ी

▶ **जल संरचनाओं का संरक्षण करने अधिकारियों को दिए निर्देश**



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज शहर में प्राचीन वीर गढ़ी हनुमान मंदिर की बावड़ी का मुख्यमंत्री ने दौरा किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महत्व की जल संरचनाओं को समृद्ध बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल संरचनाओं के संरक्षण करने के निर्देश दिए.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्राचीन वीरगढ़ी हनुमान मंदिर का दौरा कर परिसर में स्थित ऐतिहासिक प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हमारी प्राचीन बावड़ियाँ और जल संरचनाएँ हमारी समृद्ध वास्तुकला और जल प्रबंधन का प्रतीक हैं. इन ऐतिहासिक धरोहरों को संजोना सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल है. वैज्ञानिक पद्धति से जीर्णोद्धार की बात कहते हुए बोले कि बावड़ी के मूल स्वरूप को बिना नुकसान पहुँचाए, वैज्ञानिक पद्धति से इसकी सफाई और जीर्णोद्धार कार्य तत्काल शुरू किया जाए. इस अवसर पर नगरीय विकास प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सुदर्शन गुप्ता, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा उपस्थित थे.

## नवविवाहिता की खुदकुशी में पति-सास पर केस दर्ज



**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की आत्महत्या के करीब एक माह बाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए पति और सास के खिलाफ केस दर्ज किया है. मर्ग जांच, सुसाइड नोट और गवाहों के बयानों के आधार पर दोनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना की धाराओं में कार्रवाई की गई है.

मामला अंजनी नगर का है, जहां 19 मई को सीमा जैन ने अपने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी थी. घटना के बाद विजय नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहराया था. पुलिस जांच में सामने आया कि सीमा का विवाह खरगोन जिले के कसरावद निवासी अमन जैन से हुआ था. शादी के बाद से ही पति अमन जैन और सास सुनीता जैन उसे कम दहेज लाने को लेकर ताने देते थे और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे. लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर सीमा ने यह कदम उठाया. मायके पक्ष और अन्य गवाहों के बयानों ने भी प्रताड़ना की पुष्टि की है. इसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है.

## अहंकार और अभिमान अनेक बुराइयों की जड़

**इंदौर.** हीनता और श्रेष्ठता, दोनों ही आत्मिक प्रगति में बाधक हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए समता का भाव होना चाहिए क्योंकि समता ही आत्मा का स्वाभाव है और समभाव ही सच्चे सुख का आधार है. जिस दिन मनुष्य को शरीर और आत्मा का वास्तविक भेद समझ में आ जाएगा, उस दिन वह दु:ख के मार्ग से हटकर सुख, शांति और आत्मकल्याण के राजपथ पर सरपट दौड़ता चला जाएगा. अहंकार और अभिमान अनेक बुराइयों की जड़ है.

ये विचार हैं प.पू. आचार्य रामेश के सुशिष्य शासन दीपक प.पू. आदित्य मुनि महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को साकेत नगर, बैकुंठ धाम में साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। आचार्य भगवन प.पू. रामलाल के शिष्य आदित्य मुनि एवं अटलमुनि आदिठाना द्वारा बैकुंठ धाम कॉलोनी में बड़े गार्डन के सामने नियमित रूप से प्रवचनों की अमृत वर्षा की जा रही है. शुक्रवार को भी सुबह 9 से 10 बजे तक मुनिश्री के प्रवचनों की अमृतवर्षा बैकुंठ धाम पर होगी. मनीष बोहरा ने बताया कि इंदौर में आदित्य मुनि के मंगल प्रवेश के पश्चात प्रतिदिन उनके मुख से प्रवाहित हो रही धर्म वाणी का पुण्य लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन धर्म, ध्यान एवं आत्मचिंतन से जुड़कर जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर रहे हैं. मुनिश्री ने कहा कि धन, परिवार, पद, प्रतिष्ठा और यहाँ तक कि शरीर भी वास्तव में हमारा नहीं है.

## पुल-पुलिया पर पानी का बहाव हो तो वाहन न निकालें



**इंदौर.** आगामी मानसून एवं संभावित अतिवर्षा तथा बाढ़ की परिस्थितियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा संभाग में संचालित बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में वर्षाकाल के दौरान यात्री सुरक्षा एवं सुगम परिवहन संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शर्मा ने निर्देशित किया है कि पुल-पुलियों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में किसी भी परिस्थिति में वाहन को पार न कराया जाए। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का पूर्णत: पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में ब्रेक, स्टेयरिंग, वाइपर, ब्रेक लाइट, फॉग लैंप, इंडिकेटर, हेडलाइट एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच कर उन्हें सुचारू स्थिति में रखा जाए। वाहनों में स्पीड गवर्नर कार्यशील होना चाहिए तथा वाहन नियंत्रित गति से संचालित किए जाएं. बैठक में बस ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए कि वाहन चालक ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें.साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि वाहनों में प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग हों, आपातकालीन द्वार सुचारू रूप से खुलता हो, अग्निशमन यंत्र एवं प्राथमिक उपचार पेटी उपलब्ध हो तथा सभी वैध दस्तावेज जैसे पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा, फिटनेस एवं परमिट होने पर ही वाहनों का संचालन करें. बारिश के दौरान रोड पर वाहनों से थोड़ी ज्यादा डिस्टेंस रखें ताकि जरूरत पड़ने पर वाहन को आराम से रोका जा सकें। बारिश के दौरान कभी भी अचानक या तेज ब्रेक लगाने से बचें, इससे वाहन फिसलने का खतरा अधिक होता है.

### टायरों की जांच नियमित करवाएं

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि वर्षा के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग करें और खराब टायरों की वजह से वाहन फिसलने का डर बना रहता है इसलिए टायरों की नियमित जांच कर आवश्यकतानुसार उन्हें बदलवाएं . समय-समय पर एयर प्रेशर चेक करते रहें तथा स्टेपनी एवं टायरों के एयर प्रेशर की भी समय-समय पर जांच करें .

# लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में प्रतिदिन निकलती है प्रभातफेरी

▶ **विद्यार्थी और भक्तगण मिलकर करते हैं भगवान वेंकटेश का जाप**



**इंदौर. छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान मंदिर में 100 वर्षों से प्रतिदिन भक्तिमय वातावरण के बीच वेंकटरमणा गोविंदा, श्रीनिवासा गोविंदा का सामूहिक जाप किया जा रहा है. साथ ही यहां प्रतिदिन सुबह 8 बजे प्रभात फेरी निकलती है. इस प्रभात फेरी को 100 वर्षों पहले श्री केशव आचार्य ने प्रारंभ किया था जो की अभी तक की जा रही है.**

प्रभात फेरी में मंदिर के विद्यार्थी, भक्तगण और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान का जाप करते हैं. इसके बाद महाआरती का आयोजन किया जाता है. मंदिर प्रबंधन का कहना है कि प्रभात फेरी और आरती सामूहिक नामजप का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना तथा युवाओं और बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ना है. मंदिर के पुजारी शिवम पांडे ने बताया कि इस प्रभात फेरी में भक्तगण उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं. सामूहिक जाप के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में ही ढल जाता है. प्रतिदिन लगभग 40 से 50 श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर भगवान के नाम का स्मरण करते हैं.

मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था और संचालन श्री नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी के मार्गदर्शन में किया जाता है. उनके संरक्षण में मंदिर में नियमित रूप से धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता रहता है.

### अधिक मास में हुए धार्मिक अनुष्ठान

मंदिर के मुख्य पुजारी शिवम पांडे ने बताया कि अधिक मास के दौरान लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया . पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही . यज्ञ के अंतिम दिन भारत की सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ विशेष पूर्णाहुति दी गई . महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विभिन्न यजमानों को यज्ञ में शामिल होने का अवसर दिया गया .



## मुख्यमंत्री ने झांसी की रानी के वंशज अतुल झांसीवाले का किया सम्मान

**इंदौर. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर गुरुवार को सुबह किला मैदान स्थित रानी लक्ष्मीबाई के प्रतिमा स्थल पर यंग इंडिया क्लब की मेजबानी में चल रहे पुष्पांजलि कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी अचानक शामिल हो गए.**

जब उन्हें बताया गया कि यहाँ झाँसी की रानी की पांचवी पीढ़ी के वंशज अतुल झाँसीवाले का सम्मान किया जा रहा है तो अपनी सहजता-सरलता के चलते मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल से आग्रह किया कि झाँसीवाले का सम्मान वे स्वयं करेंगे. मुख्यमंत्री ने अग्रवाल से पुष्प माला, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह लेकर अतुल झाँसीवाले का आत्मीय सम्मान किया और उनके परिजनों से भी कुशल क्षेम पूछे. क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा जिंसी चौराहे से किला मैदान तक पिछले दिनों से की जा रही तोड़फोड़ के चलते क्लब ने पहले ही निर्णय ले लिया था कि बलिदान दिवस पर औपचारिक कार्यक्रम ही होंगे, लिहाजा सुबह करीब 10 बजे जब प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम और मानव श्रृंखला बनाने के आयोजन चल ही रहे थे कि तभी वीआईपी रोड किला मैदान से गुजर रहे मुख्यमंत्री के काफिले की निगाह इस कार्यक्रम पर पड़ी तो काफिला रुकवाकर वे स्वयं आए और अग्रवाल से पूछा कि, मैं भी शामिल हो जाऊं, तो वहां मौजूद सभी साथियों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा. मुख्यमंत्री ने प्रतिमा की बजाय महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण किया और अतुल झाँसीवाले का सम्मान कर उनके परिवारजनों से भी हालचाल पूछे. इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित यंग इंडिया क्लब के सतीश सेन, यशवंत गायकवाड, हितेश अग्रवाल, महेश कश्यप, राजेश शर्मा, डॉ. निर्मल महाजन, मनोज गोपाले, नरेश दुबे, राहुल अग्रवाल, सुधीर सेठिया, संजय खानविलकर, दिनेश अग्रवाल एवं शरद सिरपुरकर से भी मुलाकात की।



## ऑनलाइन रहना पैदा करता है अवसर

**इंदौर.** सही टूल्स और सही ज्ञान के साथ, डिजिटल दुनिया में अपनी पहचान और इस तकनीकी युग में किस तरह महिलाएँ आगे बढ़ सके, इस उद्देश्य के लिए फ्लो इंदौर ने कार्यशाला का आयोजन किया.

कार्यशाला का विषय था - मास्टरिंग लिंक्डइन विद एआई. यह कार्यक्रम फ्लो की डिजिटल लिटरेसी इनिशिएटिव के तहत आयोजित किया गया. कार्यशाला का संचालन पुष्पेंद्र सिंह जादौन ने किया, जो बिजनेस ग्रोथ कोच और 'बिजनेस ऑटोपायलट मास्टरक्लास' के क्रिएटर हैं. पुष्पेंद्र सिंह जादौन ने कहा आपका लिंक्डइन प्रोफाइल तब भी आपके लिए काम करता रहे, जब आप ऑनलाइन न हों. उन्होंने आगे कहा, ऑनलाइन रहना अवसर पैदा करता है, और लगातार प्रयास उन्हें बनाए रखता है. सभी ने व्यावहारिक रणनीतियाँ सीखीं, जिनसे वे अपना पर्सनल ब्रांड मजबूत कर सकें, बेहतर कंटेंट बना सकें और सार्थक पेशेवर संबंध विकसित कर सकें. चेयरपर्सन फ्लो इंदौर वंदना गुजराती ने कहा हम फ्लो इंदौर में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। डिजिटल लिटरेसी हमारी प्राथमिकता है क्योंकि यह महिलाओं को न सिर्फ अवसरों से जोड़ती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाती है. कार्यक्रम का मार्गदर्शन, सीए राशि मंत्री, हेड- डिजिटल लिटरेसी इनिशिएटिव और प्रियंका कोठारी, को-हेड डिजिटल लिटरेसी इनिशिएटिव द्वारा किया गया.

### पति पर दहेज हत्या का केस

**इंदौर .** तिलक नगर थाना क्षेत्र के संविद नगर में विवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद पति के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है . थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि 25 मई को 26 वर्षीय आरती पति गोपाल पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी . मामले की जांच एसीपी कुंदन मंडलोई द्वारा की गई . जांच के दौरान मृतिका के पिता द्वारका पटेल और भाई दीपक पटेल के बयान दर्ज किए गए . परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी गोपाल पटेल, जो ग्राम सरदई सागर का निवासी है, आए दिन आरती से छोटी-छोटी बातों पर विवाद कर मारपीट करता था।

**नीट परीक्षा के लिए विशेष ट्रेनें चलाएगा पश्चिम रेलवे**

| ट्रेन क्र. | प्रारंभिक स्टेशन व गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09351 | बान्द्रा टर्मिनस - डॉ. अम्बेडकर नगर | 20.06.2026 | 18:20 बजे (शनिवार) | 11:30 बजे (अगले दिन) |
| 09352 | डॉ. अम्बेडकर नगर - बान्द्रा टर्मिनस | 19.06.2026 | 23:00 बजे (शुक्रवार) | 15:40 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, बिलिमोरा, नवसारी, सूरत, अंकलेश्वर, भरूच, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन और इंदौर स्टेशन | | | | |
| 09354 | इंदौर - भोपाल | 20.06.2026 | 11:25 बजे (शनिवार) | 19:00 बजे (उसी दिन) |
| 09353 | भोपाल - रतलाम | 20.06.2026 | 19:40 बजे (शनिवार) | 00:55 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः दोनों दिशाओं में रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर और संत हिरदाराम नगर स्टेशन ट्रेन संख्या 09354 के फतेहाबाद चंद्रावतीगंज और बारनगर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होंगे। | | | | |

**उक्त की संरचनाः** स्लीपर क्लास (शयनयान श्रेणी) और जनरल सेकेंड क्लास (सामान्य द्वितीय श्रेणी) कोच

समय, ठहराव और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं

ट्रेन संख्या 09351, 09352 और 09354 के लिए बुकिंग 19.06.2026 को सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें व हमें फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**एक नजर में** ▶ एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के यूथ विंग द्वारा युवाओं के लिए प्रेरककार्यक्रम का आयोजन

# सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी



**इंदौर.** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के यूथ विंग द्वारा युवाओं के लिए प्रेरक (मोटिवेशनल) कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया. इस दौरान उद्योगपति प्रतिक पटेल, मेनेजिंग डायरेक्टर, जश इंजीनियरिंग विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शीर्षक इंडस्ट्रीज, दी ग्रोथ इंजन पर मुख्य वक्ता श्री प्रतीक पटेल ने जीवन के दीर्घ अनुभवों को साझा किया. उन्होंने उद्यमियों को प्रेरित करते हुए बताया कि जीवन में आगे बढने के लिए सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है. आज के डिजिटल युग में युवाओं के पास अवसरों की कमी नहीं है, बशर्ते वे अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें. आपने प्रथम जनरेशन उद्योगपतियों से कहा कि वे बच्चो को एक अच्छा औद्योगिक वातावरण दे जिससे की वे स्वंय गोथ कर सके, दूसरा आपने फायनेंस पर फोकस करने व अपने बिजनेस में धन जोड़ें, बिजनेस के साथ अधिक खर्च न करे, बिजनेस का पैसा बिजनेस को बढ़ाने में ही लगाएं और अपने काम को लगन से सीखे और अपने काम को लेकर 3 माह मंथन करें. मुख्य अतिथि सासंद शंकर लालवानी ने शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के प्रभावशाली कार्यकाल एवं विकास कार्यों सहित एमएसएमई क्षेत्र के विकास एवं विस्तार के लिए भारत सरकार द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी.

### युवाओं में उद्यमिता की सोच जागृत हो

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता ने स्वागत उद्‌बोधन में कहा कि युवा उद्यमियों के सहयोग व उद्यमी विकास के लिए एसोसिएशन व हमारी एआयएमपी यूथ विंग बनाई गई है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सिर्फ अकादमिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाना है जिससे युवाओं में उद्यमिता की सोच जागृत हो सके .कार्यक्रम संयोजक प्रमोद डफरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया . एआयएमपी सिध्दि की अध्यक्ष श्रेष्ठा गोयल और सचिव तरूण व्यास ने आभार व्यक्त किया . इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रकाश जैन, अनील पालीवाल, सतीश मित्तल, अमित धाकड, हेमेन्द्र बोकाडिया, डॉ . शरद डोसी सहित उद्योगपतियों, बडी संख्या में युवाओं और गणमान्यजनों ने भाग लिया .